# Worksheet - 1 (II Term)

Grade IX Hindi Date:22.10.22

**सामान्य निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं— अ और ब।
(ii) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(iii) यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खंड–'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)** **अंक 40**

**1. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** [1×5=5]+[1×5=5]

**अपठित गद्यांश–1**

प्रत्येक देश की अपनी कुछ समस्याएँ होती हैं। ये समस्याएँ ही उस देश को कमज़ोर करती रहती हैं। हमारे देश में तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या की समस्या वर्तमान समय में यहाँ की सबसे विकराल समस्या है। इसी समस्या के कारण आज भारतवासियों का जीवन नारकीय बन गया है। भारत की धरती जनसंख्या के इस विशाल बोझ को वहन करने में असमर्थ है। जनसंख्या की असीमित वृद्धि ने गरीबी के बीज को जन्म दिया है। अशिक्षा, रोगवृद्धि, आवास की समस्या आदि के कारण करोड़ों भारतीय पशुओं के समान शोचनीय जीवन व्यतीत करने को विवश हैं।

सन् उन्नीस सौ तीस-इकत्तीस में अविभाजित भारत की जनसंख्या लगभग बीस करोड़ थी। किंतु सन् 2010 में जनसंख्या का सर्वेक्षण करने पर चौंकाने वाले आँकड़े आए हैं। हमारी जनसंख्या अब एक अरब बीस करोड़ की संख्या को पार कर चुकी है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण ही हमारा देश भिन्न-भिन्न समस्याओं से घिर गया है। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि–एक बच्चा जो एक मुँह लेकर पैदा होता है वह दो हाथ लेकर भी पैदा होता है। उनका कहने का तात्पर्य यह था कि दो हाथों से मेहनत करके व्यक्ति अपना पेट तो भर ही सकता है। परंतु यह बात देश के औद्योगिक विकास से जुड़ी थी। देश की अर्थव्यवस्था यदि बहुत नियोजित हो तो वहाँ रोज़गारों के अवसरों में कमी नहीं रहती, पर जिस देश में विदेशों की नकल की होड़ लगी हो, अपने देश की चिंता ही न हो, उस देश की रोज़गार दशा निराशाजनक हो ही जाती है।

**(i) हमारे देश की सबसे विकराल समस्या क्या है?** [ 1 ]
**(ii) जनसंख्या वृद्धि ने किस समस्या को जन्म दिया है?** [ 1 ]
**(iii) 'गरीबी' में किस प्रत्यय का प्रयोग है?** [ 1 ]
**(iv) 'बच्चा दो हाथ लेकर पैदा होता है' का आशय स्पष्ट कीजिए।** [ 1 ]
**(v) रोजगार की कमी कब नहीं रहती ?** [ 1 ]

**अपठित गद्यांश–2**

'सादा जीवन, उच्च विचार'- यह मुहावरा सुनने में कितना मनमोहक है, परंतु इसके अनुरूप जीवन को ढालना अत्यंत कठिन है। इस मुहावरे को साकार कर जीवन में उतारने वाले डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन उन महापुरुषों की श्रेणी में आते हैं जिनकी कथनी और करनी में कोई अंतर न था। वे जो कहते थे, उसे करके ही दम लेते थे। डॉ० राधाकृष्णन ने जीवन को कठिन तपस्या के रूप में लिया और स्वयं को इसकी आग में तपाकर कुंदन बना लिया। तदंतर उनकी चमक से संपूर्ण विश्व प्रकाशित हो उठा। वे किसी राजनीतिक दल अथवा जोशीले भाषणों के बल पर दुनिया में पूजनीय नहीं हुए, बल्कि उन्होंने इस सम्मान और ऊँचाइयों को अपनी योग्यता के बल पर प्राप्त किया। उनका जीवन एक शिक्षक के रूप में आरंभ हुआ था, लेकिन अपनी बौद्धिकता और योग्यता के बल पर उन्होंने एक महान दार्शनिक और लेखक के रूप में ख्याति

अर्जित की। साथ ही वे एक ओजस्वी वक्ता के रूप में भी पहचाने गए। जब डॉ० राधाकृष्णन राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए तो उन्हें दस हजार रुपए मासिक वेतन मिलता था। लेकिन वे मात्र ढाई हज़ार रुपए मासिक वेतन लेते थे। उनके वेतन की शेष राशि देश की उन्नति और विकास कार्यों में खर्च होती थी। डॉ० राधाकृष्णन देश के प्रति समर्पित व्यक्ति थे।

**(i) डॉ० राधाकृष्णन का जीवन किस रूप में आरंभ हुआ था?** [ 1 ]

**(ii) डॉ० राधाकृष्णन अपने किस गुण के कारण दुनिया में पूजनीय हुए?** [ 1 ]

**(iii) डॉ० राधाकृष्णन जब राष्ट्रपति पद पर थे तब उनके वेतन की शेष राशि किस कार्य में खर्च होती थी?** [ 1 ]

**(iv) 'समर्पित' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?** [ 1 ]

**(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।** [ 1 ]

## व्यावहारिक व्याकरण [ 16 अंक ]

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :**

**(i) 'शब्द' की परिभाषा है-** [ 1 ]

(क) वर्णों का समूह शब्द कहलाता है
(ग) स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि समूह शब्द कहलाते हैं
(ख) स्वतंत्र ध्वनि समूह शब्द कहलाते हैं
(घ) दो या दो से अधिक वर्णों का समूह शब्द कहलाता है

**(ii) पद की परिभाषा है-** [ 1 ]

(क) वाक्य से इतर शब्द पद कहलाता है
(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाते हैं
(ख) व्याकरण से परे रहकर शब्द पद बन जाते हैं
(घ) शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त नहीं होते तब पद कहलाते हैं

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-**

**(i) अनुस्वार युक्त कौन-सा शब्द सही है ?** [ 1 ]

(क) कंप्यूटर (ख) कमंप्यूटर (ग) कंम्पयूटर (घ) कंम्प्यूटर

**(ii) सही विकल्प छाँटिए-'अनुनासिक' का शाब्दिक अर्थ है-** [ 1 ]

(क) स्वर के साथ-साथ
(ग) नासिक्य ध्वनि के पीछे-पीछे
(ख) स्वर और नासिका ध्वनि के साथ-साथ
(घ) स्वर और व्यंजनों के साथ-साथ

**(iii) नीचे दिए शब्दों में से सही अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए :** 1

(क) आंचल (ख) आँचल (ग) कंबल (घ) संभव

**4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सही विकल्प चुनिए-**

**(i) 'दुर्भाग्य' में उपसर्ग है-** [ 1 ]

(क) दुर् (ख) दु (ग) दुर्भा (घ) ग्य

**(ii) 'आपूर्ति' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द है-** [ 1 ]

(क) अ + पूर्ति (ख) आ + पूर्ति (ग) आप + र्ति (घ) आप + र्ति

**(iii) 'आऊ' प्रत्यय किस शब्द में है ?** [ 1 ]

(क) गरमाहट (ख) भलाई (ग) उपजाऊ (घ) अभिनेता

**(iv) किस शब्द में 'आई' प्रत्यय नहीं लगा है ?** [ 1 ]

(क) बढ़ई (ख) लिखाई (ग) महँगाई (घ) पढ़ाई

**(v) 'संस्थान' शब्द में उपसर्ग है -** 1

(क) सन् (ख) सम् (ग) स (घ) सस्

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के सही विकल्प चुनिए-**

**(i) 'गुण स्वर संधि' का उदाहरण है—** 1

(क) पर्यावरण (ख) परमौषध (ग) महेश्वर (घ) पुस्तकालय

**(ii) 'फलादेश' का उचित संधि विच्छेद है—** 1

(क) फला + आदेश (ख) फल + आदेश (ग) फला + देश (घ) फल + अदेश

**(iii) 'आदेश + अर्थ' की संधि है—** 1

(क) आदेशर्थ (ख) आदेशार्थ (ग) आदैशार्थ (घ) आद्येशार्थ

**(iv) निम्नलिखित में दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है—** 1

(क) सदैव (ख) महात्मा (ग) प्रत्येक (घ) सूर्योदय

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के सही विकल्प चुनिए–**

**(i) डॉ० ए.पी.जे. अब्दुल कलाम में कौन–सा विराम–चिह्न प्रयुक्त हुआ है?** 1

(क) लाघव चिह्न (ख) निर्देशक चिह्न (ग) उप विराम (घ) विवरण

**(ii) किसी शब्द का संक्षिप्त रूप बनाने के लिए .......... का प्रयोग किया जाता है —** 1

(क) उद्धरण चिह्न (ख) निर्देशक चिह्न (ग) लाघव चिह्न (घ) कोष्ठक

**(iii) (–) विराम–चिह्न का नाम है —** 1

(क) अर्द्ध विराम (ख) योजक चिह्न (ग) अल्प विराम (घ) पूर्ण विराम

**(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में उचित विराम–चिह्न प्रयुक्त है —** 1

(क) सब जीव–जंतु भागकर इधर–उधर छिप गए।

(ख) सब जीव, जंतु भागकर इधर–उधर छिप गए।

(ग) सब जीव जंतु भागकर इधर उधर छिप गए।

(घ) सब जीव–जंतु, भागकर, इधर–उधर छिप गए।

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के विकल्प चुनकर लिखिए।**

**(i) निम्नलिखित वाक्यों में विस्मयादिबोधक वाक्य छाँटिए –** [ 1 ]

(क) अरे! तुम कितने अच्छे लग रहे हो। (ग) मत करो तुम्हें कुछ भी नहीं आता।

(ख) धन्यवाद तुम उत्तम अंक से पास हो गए। (घ) छिः कितना बुरा बोलता है।

**(ii) निम्नलिखित में से इच्छावाचक वाक्य छाँटकर लिखिए –** [ 1 ]

(क) मन से लगातार कोशिश करो ताकि कभी नहीं हारो। (ग) हमेशा अच्छे परिणाम की आशा रखो।

(ख) आप सब अच्छे अंकों से पास हों। (घ) तुम खेलने के लिए बाहर नहीं जाते हो।

**(iii) प्रश्नवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए–** [ 1 ]

(क) तारों का समूह टिमटिमा रहा है। (ग) आप कब लौटेंगे?

(ख) हो सकता है आज वर्षा हो। (घ) श्याम बैठकर पढ़ो।

## पाठ्यपुस्तक [ 14 अंक ]

**8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए –** [ 5 ]

**अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।**
**प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी,**
**जाकी अँग–अँग बास समानी।**
**प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा,**
**जैसे चितवत चंद चकोरा।**
**प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती,**
**जाकी जोति बरै दिन राती।**
**प्रभु जी, तुम मोती हम धागा,**

**जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।**
**प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा,**
**ऐसी भक्ति करै रैदासा।**

**(i) 'तुम चंदन हम पानी' में कवि क्या कहना चाहता है?**
(क) ईश्वर की भक्ति सबके लिए है
(ख) ईश्वर सदा उसमें निवास करते हैं
(ग) मेरी आत्मा पूर्णत: आप में लीन है
(घ) ईश्वर श्रेष्ठ व सर्वगुण संपन्न है

**(ii) रैदास किस तरह की भक्ति के समर्थक थे?**
(क) मूर्ति पूजा
(ख) आपसी भाईचारा व मनुष्य की आंतरिक भावना
(ग) लगातार पूजा में लीन रहना
(घ) तीर्थ यात्रा

**(iii) रैदास किस प्रकार का भाव ईश्वर के प्रति रखते हैं?**
(क) सरल हृदय (ख) आत्मनिवेदन (ग) दैन्य भाव (घ) समर्पण भाव

**(iv) 'प्रभु जी, तुम मोती हम धागा' में रैदास जी क्या कहना चाहते हैं?**
(क) ईश्वर एक है
(ख) आप मेरे स्वामी हैं और मैं आपका सनातन दास
(ग) मैं सदैव आपकी भक्ति करता हूँ
(घ) मैं आपका दास हूँ

**(v) 'जोति' शब्द का प्रचलित रूप लिखिए —**
(क) ज्योति (ख) जयोति (ग) जरित (घ) ज्योती

**9. स्पर्श-1 पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

**(i) रैदास के अनुसार कौन-कौन से वे लोग हैं, जिनका उद्धार प्रभु ने किया है?** 1
(क) नामदेव, रामदेव, पितामह
(ख) नामदेव, कबीर, सधना
(ग) कबीर, रहीम, तुलसी
(घ) सधना, त्रिलोचन, रैदास

**(ii) रहीम ने पंक जल को धन्य क्यों कहा है?** 1
(क) इस जल से जीवों की प्यास बुझती है
(ख) यह जल पीने के योग्य होता है
(ग) पंक जल मीठा होता है
(घ) उपर्युक्त सभी

**10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए — [ 5 ]**

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ थूकते हुए कहा, "क्या ज़माना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।" दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, "अरे, जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।" सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, "अरे इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, खसम-लुगाई, धर्म-ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।"

(i) **व्यक्ति की घृणा का क्या कारण था?**
(क) सड़क पर बिखरी हुई गंदगी
(ख) बुढ़िया का जवान बेटे के मरने के दूसरे दिन बाज़ार खरबूजे बेचने आना
(ग) खरबूज़े गंदे और खराब थे
(घ) बुढ़िया के कपड़े बहुत मैले थे

(ii) **फुटपाथ पर खड़ा आदमी किसे और कैसे अपमानित कर रहा था?**
(क) दीन स्त्री को पैसों की लोभी बताकर
(ख) दीन स्त्री को मैले कपड़े पहनने पर
(ग) बुढ़िया द्वारा खराब खरबूज़े बेचने पर
(घ) बुढ़िया द्वारा फुटपाथ पर बैठने पर

(iii) **दूसरे साहब ने दाढ़ी खुजाते हुए क्या कहा?**
(क) जो जैसा करता है, वैसा भरता है
(ख) जिसकी जैसी नीयत होती है, अल्लाह भी वैसी बरकत देता है

(ग) कुछ लोग जानबूझ कर दूसरों को दुख देते हैं
(घ) तुम स्त्री का तो कोई धर्म नहीं है

(iv) **उस आदमी ने एक तरफ घृणा से क्यों थूका?**
(क) क्योंकि वह बुढ़िया से घृणा कर रहा था जो जवान बेटे की मृत्यु के दूसरे दिन खरबूज़े बेच रही थी
(ख) क्योंकि उसे खरबूज़े अच्छे नहीं लगते थे
(ग) क्योंकि बुढ़िया ने गंदे व मैले कपड़े पहने हुए थे
(घ) क्योंकि वह व्यक्ति बहुत अभिमानी था

(v) **लोग उसके दुकान लगा के बैठने के कारण तरह-तरह की बातें क्यों कर रहे थे?**
(क) लोगों के अनुसार उसे तेरह दिन तक शोक मनाना चाहिए था
(ख) उनके अनुसार उसे खरबूज़े नहीं बेचने चाहिए था
(ग) लोग उसके खरबूजों को खराब बता रहे थे
(घ) लोग उसके बेटे का शोक व्यक्त कर रहे थे

**11. स्पर्श-1 गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

(i) **'एवरेस्ट : मेरी शिखर यात्रा' पाठ में लेखिका किसके प्रति आकर्षित थी और क्यों?** 1
(क) लेखिका एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी क्योंकि वहाँ जाना उसका सपना था
(ख) लेखिका पर्वत के प्रति आकर्षित थी क्योंकि बर्फ़ीले क्षेत्र उसे पसंद थे
(ग) लेखिका सैर-सपाटे के प्रति आकर्षित थी क्योंकि ऐसे में मित्रों से भेंट हो जाती थी
(घ) लेखिका एवरेस्ट के प्रति आकर्षित थी क्योंकि वहाँ उसे घर बनाना था

(ii) **अतिथि का देवत्व किस प्रकार सुरक्षित रह सकेगा?** 1
(क) जब वह अपने मेजबान को प्रसन्न करे
(ख) जब वह देवता की तरह दर्शन देकर लौट जाए
(ग) जब वह भी मेजबान को अपने घर बुलाए
(घ) जब वह मेजबान की सहायता करे

## खंड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) 18 + 22 = 40 अंक

## पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक [18 अंक]

**12. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए-** [3×2=6]
(i) बाज़ार के लोग खरबूजे बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे? 'दु:ख का अधिकार' पाठ के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कुल कितने कैंप बनाए गए? उनका वर्णन कीजिए।
(iii) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए-** [3×2=6]
(i) रैदास ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है?
(ii) हमें अपना दु:ख दूसरों पर क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए? अपने मन की व्यथा दूसरों से कहने पर उनका व्यवहार कैसा हो जाता है?
(iii) निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए -
जाकी अँग-अँग बास समानी

**14. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए-** [3×2=6]
(i) कहानी 'स्मृति' में लेखक अपने मनोरंजन के लिए पूरी टोली के साथ कुएँ में पत्थर फेंक कर साँप की फुँकार पर ठहाके लगाता। उसे यह कार्य करने में आनंद आता था तथा यह उसका रोज का कार्य बन चुका था। आपके अनुसार लेखक का यह व्यवहार क्या उचित था? जीव संरक्षण की भावना को ध्यान में रखते हुए आप लेखक को कैसे समझाते कि वह अपनी यह आदत छोड़ दे?

(ii) 'प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया' – का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) टीलियामुरा कस्बे में लेखक का परिचय किन दो प्रमुख हस्तियों से हुआ? समाज–कल्याण के कार्यों में उनका क्या योगदान था?

## लेखन (22 अंक)

**15. दिए गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए— 6**

**(क) पहला सुख: निरोगी काया** – • आधुनिक जीवन शैली • व्यायाम और स्वास्थ्य • सुख और दुख शरीर में ही • स्वस्थ शरीर में ही सुख

**(ख) नन्हें कंधों पर बढ़ता बस्ते का बोझ** – • हमारी शिक्षा नीति • माता–पिता की भूमिका • गृहकार्य और कक्षाकार्य • उपाय क्या है?

**(ग) कंप्यूटर का महत्त्व** – • कंप्यूटर के लाभ व हानियाँ • मनोरंजन का साधन • कंप्यूटर से ज्ञानवृद्धि • बच्चों के लिए घातक

**16. अपने मित्र को स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की प्रेरणा देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। 6**

**अथवा**

**छात्रावास में रह रहे छोटे भाई को पढ़ाई तथा व्यायाम का महत्त्व समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**17. दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में क्या विचार आ रहे हैं? उनका विवरण लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक वाक्य वर्तमान काल में हो। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए। 5**



**18. बढ़ती हुई जनसंख्या पर दो मित्रों के मध्य संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5**

**अथवा**

**खेलों में भारत के गिरते स्तर पर दो मित्रों का आपसी संवाद लगभग 100 शब्दों में लिखिए।**

# अद्र्धवार्षिक परीक्षा – 2
# कक्षा नवीं बी –2022–23

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं— अ और ब।
(ii) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(iii) यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड–'अ' (वस्तुपरक प्रश्न) अंक 40

**1. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधरित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** [1×5=5]+[1×5=5]

### अपठित गद्यांश–1

श्रम की अवज्ञा के परिणाम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है— हमारे देश में व्याप्त शिक्षित वर्ग की बेकारी। हमारा शिक्षित युवा वर्ग शारीरिक श्रमपरक कार्य करने से परहेज करता है। वह यह नहीं सोचता कि शारीरिक श्रम परिणामतः कितना सुखदायी होता है। पसीने के सिंचित वृक्ष में लगने वाला फल कितना मधुर होता है। 'दिन अस्त और मज़दूर मस्त' इसका भेद जानने वाले महात्मा ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों को यह परामर्श दिया था कि तुम केवल पसीने की कमाई खाओगे। पसीना टपकाने के बाद मन को संतोष और तन को सुख मिलता है, भूख भी लगती है और चैन की नींद भी आती है। हमारे समाज में शारीरिक श्रम न करना सामान्यतः उच्च सामाजिक स्तर की पहचान माना जाता है। यही कारण है कि ज्यों–ज्यों आर्थिक स्थिति में सुधार होता जाता है, त्यों–त्यों बीमारियों की संख्या में वृद्धि होती जाती है। इतना ही नहीं बीमारियों की नई–नई किस्में भी सामने आती जाती हैं। जिस समाज में शारीरिक श्रम के प्रति हेय दृष्टि नहीं होती, वह समाज अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ एवं सुखी दिखायी देता है।

**(क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।** 1
**(ख) 'सिंचित' में कौन–सा प्रत्यय है?** 1
**(ग) ईसा मसीह ने अपने शिष्यों को क्या परामर्श दिया था?** 1
**(घ) मनुष्य के सामाजिक स्तर की पहचान किससे की जाती है?** 1
**(ङ) कौन–सा समाज अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ तथा सुखी होता है?** 1

### अपठित गद्यांश–2

गांधीजी ने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे।
बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदर लाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध 'चिपको आंदोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फ़ादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया। इनमें किसी ने भी कोई सत्ता नहीं प्राप्त की, बल्कि अपने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गांधीजी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू था। किंतु मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था। उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं माने जाने वाले गांधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

**(क) सभी महान आत्माओं ने किस सत्य को ग्रहण किया?** 1
**(ख) गांधीजी का जीवन किसके लिए समर्पित था?** 1
**(ग) अमेरिकावासी गाँधीजी को क्या समझते थे?** 1
**(घ) 'राष्ट्रध्वज' में कौन-सा समास है?** 1
**(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए—** 1

## व्यावहारिक व्याकरण [16 अंक]

**2.. निम्नलिखित भागों के उत्तर दीजिए–**

(i) **वर्षा ऋतु में धरा हरी-भरी हो जाती है। रेखांकित को कहेंगे –** 1
(क) शब्द (ख) पद (ग) पदबंध (घ) क्रिया

(ii) **निम्नलिखित में से किस रेखांकित अंश को पद नहीं कह सकते ?** 1
(क) बच्चा (ग) सभी बच्चे घर चले गए
(ख) रोते हुए बच्चे (घ) बच्चों को घर जाने दो

**3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

(i) **नीचे दिए गए शब्दों में से सही अनुस्वार युक्त शब्द छाँटकर लिखिए –** 1
(क) चंचल (ख) चचंल (ग) चँचल (घ) चन्चल

(ii) **नीचे दिए गए शब्दों में कौन-सा अनुनासिक का सही प्रयोग है ?** 1
(क) बांटना (ग) बाँटना (ख) बाटँना (घ) बाटंना

(iii) **नीचे दिए गए शब्दों में कौन-सा अनुनासिक का सही प्रयोग है ?** 1
(क) बासुरीं (ग) बांसुरी (ख) बासुँरी (घ) बाँसुरी

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार भागों के विकल्प चुनकर लिखिए —**

(i) **'सुरक्षित' शब्द में उपसर्ग व मूल शब्द हैं –** 1
(क) सुर + अक्षित (ख) सुर + क्षित (ग) सु + रक्षित (घ) सुरअ + क्षित

(ii) **'उपमान' में प्रयुक्त उपसर्ग है –** 1
(क) उपम (ख) उ (ग) उप (घ) उपमा

(iii) **'धूमिल' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –** 1
(क) अइल (ख) मिल (ग) इल (घ) मइल

(iv) **'संपादकीय' में मूल शब्द व प्रत्यय है –** 1
(क) संपाद + कीय (ख) संपादकी + इय (ग) संपादक + ईय (घ) संपाद + इय

(v) **'स्वच्छ' शब्द में मूल शब्द क्या है?** 1
(क) स्व (ख) वच्छ (ग) अच्छ (घ) छ

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) **उचित संधि का भेद छाँटकर लिखिए – 'चंद्रोदय'** 1
(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) यण् संधि (घ) अयादि संधि

(ii) **उचित संधि छाँटकर लिखिए – 'अधर+ओष्ठ'** 1
(क) अधरौष्ठ (ख) अधरोष्ठ (ग) अध्रुष्ठ (घ) अधरूष्ठ

(iii) **उचित संधि-विच्छेद छाँटकर लिखिए – 'धनादेश'** 1
(क) धन+आदेश (ख) धना+आदेश (ग) धना+देश (घ) धन+देश

(iv) **'दीक्षांत' में स्वर संधि का कौन-सा भेद है?** 1
(क) दीर्घ (ख) यण् (ग) गुण (घ) वृद्धि

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**(i) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में उचित विराम-चिह्न प्रयुक्त है —** 1

(क) सीता; गीता; हेमा और राधा पढ़ रही हैं। (ग) सीता, गीता, हेमा, और राधा पढ़ रही हैं।

(ख) सीता गीता हेमा और राधा पढ़ रही हैं। (घ) सीता, गीता, हेमा और राधा पढ़ रही हैं।

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में उचित-विराम चिह्न प्रयुक्त है —** 1

(क) छीः ! चोरी करते हो। क्या तुमने यही सीखा है?

(ख) छीः ! चोरी करते हो, क्या तुमने यही सीखा है।

(ग) छीः ! चोरी करते हो-क्या तुमने यही सीखा है?

(घ) छीः, चोरी करते हो। क्या तुमने यही सीखा है?

**(iii) (?) कोष्ठक में दिए विराम-चिह्न का नाम है —** 1

(क) निर्देशक (ख) विस्मयादिसूचक (ग) प्रश्नवाचक (घ) विवरण

**(iv) कोष्ठक में उप विराम-चिह्न है —** 1

(क) (;) (ख) (!) (ग) (:) (घ) (—)

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**(i) निम्नलिखित वाक्यों में से प्रश्नवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए -** 1

(क) आज तुम्हारे साथ कौन था ? (ग) अमन नहीं खेलता।

(ख) मोहन ने खाना नहीं खाया। (घ) परिश्रम करने पर राधा प्रथम आती है।

**(ii) निम्नलिखित में से संकेतवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए -** 1

(क) पढ़ने के अतिरिक्त वह लिखता भी है। (ग) मुझे वह पुस्तक उठा कर दो।

(ख) अगर तुम आती तो हम बाज़ार चलते। (घ) हो सकता है वह बाज़ार गया हो।

**(iii) निम्नलिखित वाक्यों में इच्छावाचक वाक्य का विकल्प चुनिए -** 1

(क) आशंका निर्मूल नहीं थी?

(ख) ये कब तक टिकेंगे?

(ग) वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर खरबूजे बेचने बैठ गई।

(घ) तुम लौट जाओ अतिथि! इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा।

## पाठ्य-पुस्तक [ 14 अंक ]

**8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **[ 5 ]**

**चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध-नरेस।**
**जा पर बिपदा पड़त है, सो आवत यह देस।।**

**(1) दोहे में किस नरेश की बात की गई है?**

(क) श्रीराम (ख) रहीमदास (ग) राजा दशरथ (घ) कान्हा जी

**(2) पद में किस विपदा की ओर संकेत है?**

(क) सीता जी का हरण (ख) लंका दहन (ग) वनवास (घ) सीताजी पर दोषारोपण

**(3) पद में श्रीराम के कहाँ रहने की बात की गई है?**

(क) लंका में (ख) चित्रकूट में (ग) अयोध्या में (घ) इनमें से कोई नहीं

**(4) मनुष्य को विपत्ति की ओर कौन खींचता है?**

(क) शिक्षा (ख) भाग्य (ग) दुर्भाग्य (घ) भ्रम

**(5) 'आवत' का क्या अर्थ है?**

(क) आने वाला (ख) आता है (ग) जाने वाला (घ) जाता है

**9. स्पर्श–1 पद्य पाठों पर आधरित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

**(i) रैदास के अनुसार भगवान और भक्त की किन चीज़ों से तुलना नहीं हुई है?** 1

(क) मोती और धागा (ग) सोना और सुहागा (ख) सोना और चाँदी (घ) दीपक और बाती

**(ii) रहीम के अनुसार पशु से हीन कौन है?** 1

(क) जो प्रसन्न होकर अपना सब कुछ दे देता है

(ख) जो अपने बारे में सोचता है

(ग) जो किसी से प्रसन्न होने के पश्चात् भी उसे कुछ नहीं देता

(घ) जो दानी नहीं है

**10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** [ 5 ]

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा कि सफलता बहुत नज़दीक है। 23 मई 1984 के दिन एक बजकर सात मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली मैं प्रथम भारतीय महिला थी। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ–साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हज़ारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले बर्फ़ के फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद, मैं अपने घुटनों के बल बैठी, बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे' के ताज का चुंबन लिया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी–सी पूजा–अर्चना की और इनको बर्फ़ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता–पिता का ध्यान आया।

**(1) एवरेस्ट की चोटी पर सुरक्षा का प्रश्न क्यों उठा?** 1

(क) एवरेस्ट की चोटी शंकु के आकार की नुकीली थी

(ख) वहाँ दो व्यक्ति एक–साथ खड़े नहीं हो पाते थे

(ग) हजारों मीटर लंबी ढलान थी जो असुरक्षित थी

(घ) उपरोक्त सभी

**(2) सुरक्षा के लिए उन्होंने क्या किया?** 1

(क) वे एक–एक करके वहाँ खड़े हुए

(ख) अंगदोरजी और लेखिका ने फावड़े से खुदाई करके वहाँ खड़े होने की जगह बनाई

(ग) अंगदोरजी और लेखिका ने बारी–बारी शिखर पर चढ़ाई की

(घ) उन्होंने धरातल की खोज की, ताकि वे वहाँ खड़े हो सकें

**(3) 'सागरमाथे' पर बचेंद्री ने क्या किया?** 1

(क) उसने सागरमाथे के ताज का चुंबन लिया

(ख) उसने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र तथा हनुमान चालीसा निकाला

(ग) छोटी–सी पूजा करके चित्र और हनुमान चालीसा को लाल कपड़े में लपेट कर चोटी पर बर्फ़ में दबा दिया

(घ) उपरोक्त सभी

**(4) आनंद के इस क्षण में लेखिका को किसकी याद आई?** 1

(क) अपने अध्यापकों की (ग) अपने माता–पिता की

(ख) अपने दल के सदस्यों की (घ) दुर्गा माँ तथा हनुमान जी की

**(5) लेखिका ने क्या कीर्तिमान स्थापित किया?** 1

(क) शिखर पर पूजा–अर्चना करने का

(ख) एवरेस्ट पर पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला होने का

(ग) सबसे कम समय में एवरेस्ट पर चढ़ने का

(घ) शिखर पर भारतीय ध्वज फहराने का

**11. स्पर्श-1 गद्य पाठों पर आधरित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

(i) **लालाजी को खरबूजे बेचने वाली बुढ़िया से इतनी घृणा क्यों थी?** 1

(क) बुढ़िया प्रतिदिन खराब खरबूजे बेचती थी

(ख) बुढ़िया प्रतिदिन उसकी दुकान के सामने बैठती थी

(ग) बुढ़िया जवान बेटे की मृत्यु के अगले दिन ही खरबूजे बेचने आ गयी थी

(घ) बुढ़िया बहुत गंदे कपड़े पहनती थी

(ii) **कर्नल खुल्लर ने अभियान दल के उदास सदस्यों को किस तथ्य से परिचित करवाया?** 1

(क) एवरेस्ट की यात्रा बहुत कठिन है, आप नहीं कर पाओगे

(ख) एवरेस्ट जैसे अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु को भी सहज भाव से स्वीकार करना पड़ता है

(ग) एवरेस्ट की यात्रा अत्यधिक कठिन तथा असंभव है

(घ) एवरेस्ट की यात्रा को सहज रूप से किया जा सकता है

## खंड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) 18 + 22 = 40 अंक

## पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक [18 अंक]

**12. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए—** [3×2=6]

(i) 'दु:ख का अधिकार' कहानी हमारे समाज में गरीब लोगों की मानसिक व आर्थिक स्थिति को उजागर करती है— स्पष्ट करें।

(ii) एवरेस्ट यात्रा में क्या-क्या तैयारियाँ करनी पड़ती हैं? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) "मेरे अतिथि, मैं जानता हूँ कि अतिथि देवता होता है, पर आखिर मैं भी मनुष्य हूँ। मैं कोई तुम्हारी तरह देवता नहीं। एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर साथ नहीं रहते। देवता दर्शन देकर लौट जाता है। "तुम लौट जाओ अतिथि" पाठ के आधार पर गद्याश का आशय स्पष्ट कीजिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए—** [3×2=6]

(i) रैदास कवि ने स्वयं को प्रभु के निकट किन-किन रूपों में पाया है?

(ii) रहीम ने पशु से भी तुच्छ किसे माना है और क्यों?

(iii) कवि रैदास, नामदेव, कबीर, त्रिलोचन और सधना की चर्चा क्यों करते हैं?

**14. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए—** [3×2=6]

(i) पशु-प्रेमी घर में पाले जानवर से बेहद प्रेम करते हैं। मगर आवारा जानवरों के प्रति उनमें घृणा उपजती है। ऐसे दोहरे मापदंड वालों को आप क्या सीख देना चाहेंगे?

(ii) बच्चे डाँट या मार से बचने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। वे अपने मित्रों से हृदय की बात बाँटते हैं लेकिन परिवारजनों के साथ नहीं। इस कथन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट कीजिए।

(iii) गिल्लू और लेखिका के संबंध की घनिष्ठता स्पष्ट कीजिए।

## लेखन (22 अंक)

**15. दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए—** 6

**(क) भारत के गाँव—**

● गाँवों का स्वरूप ● आज के गाँव व उनकी स्थिति ● गाँव में सुधार के प्रयास ● उपसंहार

**(ख) वृक्षारोपण—**

● भूमिका ● वन महोत्सव ● वृक्षों से लाभ ● उपसंहार

**(ग) इंटरनेट का महत्त्व—**

● विज्ञान का चमत्कार ● अद्भुत क्रांति ● विभिन्न जानकारी का स्रोत ● लाभ तथा हानि

16. आप अपने मित्र के भाई के विवाह में सम्मिलित न हो सके, क्षमा–याचना करते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

सर्वशिक्षा अभियान के तहत आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आपको प्रौढ़ों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है। अतएव इसकी जानकारी अपने पिताजी को दीजिए।

17. दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में क्या विचार आ रहे हैं ? उनका विवरण लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक वाक्य वर्तमान काल में हो। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए। 5



18. परीक्षा के बाद पुत्र और पिता के मध्य होने वाला संवाद लिखिए। 5

**अथवा**

'विज्ञान के बढ़ते चरण' विषय पर छात्र और अध्यापक के मध्य होने वाला संवाद लिखिए।

# अद्र्धवार्षिक परीक्षा – 3
# कक्षा नवीं बी –2022–23

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं— अ और ब।
(ii) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(iii) यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

**खंड–'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)** **अंक 40**

**नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधरित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** [1×5=5]+[1×5=5]

**अपठित गद्यांश–1**

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है। सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है। इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है। कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख। विकसित देश वे हैं जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है। ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उस सामग्री की खपत के लिए बाज़ार ढूँढते रहते हैं। अत्यधिक उत्पादन क्षमता के कारण ही ये देश विकसित और अमीर हैं। विकासोन्मुख या गरीब देश उनके समान ही उत्पादन करने की आकांक्षा रखते हैं और इसीलिए उन सभी आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। उत्पादन–क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि सारे संसार में उन वायुमंडल–प्रदूषण यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते हैं। इन विकास–वाहक उपकरणों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं। वायुमंडल विषाक्त गैसों से ऐसा भरता जा रहा है कि मनुष्य का सारा पर्यावरण दूषित हो उठा है, जिससे वनस्पतियों तक के अस्तित्व संकटापन्न हो गए हैं। अपने बढ़ते उत्पादन को खपाने के लिए हर शक्तिशाली देश अपना प्रभाव–क्षेत्र बढ़ा रहा है और आपसी प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गई है कि सभी ने मारणास्त्रों का विशाल भंडार बना रखा है।

1. **विकासोन्मुख देश वे हैं जो...............................** 1
2. **वायुमंडल जहरीला क्यों होता जा रहा है?** 1
3. **देशों की आपसी प्रतिद्वंद्विता बढ़ने का क्या कारण है?** 1
4. **'अग्रगति' शब्द का अर्थ है—** 1
5. **'विकासोन्मुख' शब्द का संधि–विच्छेद कीजिए—** 1

**अपठित गद्यांश–2** **[ 5 ]**

पाठ्यपुस्तकों के बिना हम बच्चों के सीखने–सिखाने की कल्पना नहीं कर पाते। हालाँकि कुछ शिक्षाविदों की राय में पाठ्यपुस्तकों के बगैर भी शिक्षण कार्य संभव है। ऐसा मानने वाले लोग पाठ्यपुस्तक के प्रचलित स्वरूप को भले ही नकारें लेकिन यह तो उन्हें भी मानना पड़ेगा कि शिक्षण प्रक्रिया में किसी–न–किसी पाठ्य सामग्री का उपयोग तो करना ही होगा। शिक्षा जगत में सर्वमान्य रूप से पाठ्यपुस्तकों को सीखने–सिखाने के साधन के रूप में स्वीकारा गया है। शिक्षण–प्रक्रिया में पाठ्यवस्तु की उपयोगिता अपरिहार्य है। समस्या तब खड़ी होती है जबकि पाठ्यपुस्तकों को शिक्षण में साधन की जगह साध्य मान लिया जाता है। ऐसा मान लेने का एक स्वाभाविक परिणाम यह निकलता है कि शिक्षण प्रक्रिया में पाठ्यपुस्तकों का वर्चस्व स्थापित हो जाता है। बच्चे की सफलता–असफलता का मूल्यांकन करने वाली परीक्षा प्रणाली भी पूर्णत: पाठ्यपुस्तक आधारित है। इस स्थिति के चलते शिक्षा में पाठ्यपुस्तकों की सर्वोपरि महत्ता बरकरार है।

6. शिक्षा जगत में किस बात पर सहमति है?
7. पाठ्यपुस्तकों का वर्चस्व कब स्थापित हो जाता है?
8. विद्यार्थी की सफलता–असफलता का मूल्यांकन कौन करता है?
9. शिक्षा में पाठ्यपुस्तकों की सर्वोपरि महत्ता क्यों बरकरार है?
10. हमारे देश की शिक्षा प्रणाली का दुर्भाग्य क्या है?

**खंड-'ख' व्यावहारिक व्याकरण** **16 अंक**

**11. एक या अधिक ध्वनियों से बनी सार्थक इकाई कहलाती है –** 1

(क) वर्ण (ख) शब्द (ग) अक्षर (घ) पद

**12. निम्नलिखित शब्दों में यौगिक शब्द है -** 1

(क) पाठ (ख) पठन (ग) पाठन (घ) पाठशाला

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**13. नीचे दिए शब्दों में से सही अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए :** 1

(क) आंख (ख) आँख (ग) कंघा (घ) कँघा

**14. 'सम्यम' शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर पुनः लिखिए -** 1

(क) सन्यम (ख) सण्यम (ग) स्यम (घ) संयम

**15. नीचे दिए शब्दों में से सही अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखिए :** 1

(क) पाँच (ख) छः (ग) सात (घ) आठ

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**16. 'पढ़ाई' शब्द में प्रत्यय है –** 1

(क) अई (ख) आई (ग) इ (घ) ई

**17. 'संस्थान' शब्द में उपसर्ग है –** 1

(क) सन् (ख) सम् (ग) स (घ) सस्

**18. 'अनुवाद' शब्द में उपसर्ग है –** 1

(क) अन् (ख) अनु (ग) अ (घ) आना

**19. 'आवट' प्रत्यय युक्त शब्द है –** 1

(क) घबराहट (ख) लिखावट (ग) खटपट (घ) चिल्लाहट

**20. 'लुटिया' शब्द में प्रत्यय है –** 1

(क) अई (ख) आई (ग) इया (घ) ई

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**21. उचित संधि का भेद छाँटकर लिखिए – 'दीपावली'** 1

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) यण् संधि (घ) अयादि संधि

**22. उचित संधि छाँटकर लिखिए – 'नारी + ईश्वर'** 1

(क) नारीश्वर (ख) नारिश्वर (ग) नारीश्विर (घ) नारीशिवर

**23. उचित संधि–विच्छेद छाँटकर लिखिए – 'परोपकार'** 1

(क) पर+उपकार (ख) परा+उपकार (ग) प+उपकार (घ) परि+पकार

**24. 'हिमालय' में स्वर संधि का कौन–सा भेद है?** 1

(क) दीर्घ (ख) यण् (ग) गुण (घ) वृद्धि

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**25. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में उचित विराम–चिह्न प्रयुक्त है —** 1

(क) क्या तुम भयभीत थी। (ग) क्या, तुम भयभीत थी?
(ख) क्या तुम भयभीत थी? (घ) क्या तुम, भयभीत थी!

**26. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में उचित-विराम चिह्न प्रयुक्त है —** 1
(क) श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मनु मुकुर सुधारि।
(ख) श्री गुरु चरन सरोज रज निज मनु मुकुर सुधारि।
(ग) श्री गुरु चरन, सरोज रज, निज मनु मुकुर सुधारि!
(घ) श्री गुरु चरन सरोज रज निज मनु मुकुर सुधारि?

**27. (,) कोष्ठक में दिए विराम-चिह्न का नाम है —** 1
(क) निर्देशक (ख) अल्पविराम (ग) प्रश्नवाचक (घ) विवरण

**28. कोष्ठक में अद्‌र्ध विराम-चिह्न है —** 1
(क) (;) (ख) (!) (ग) (:) (घ) (—)

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए —**

**29. प्रश्नवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए-** 1
(क) तारों का समूह टिमटिमा रहा है। (ग) आप कब लौटेंगे?
(ख) हो सकता है आज वर्षा हो। (घ) श्याम बैठकर पढ़ो।

**30. इच्छा वाचक वाक्य छाँटकर लिखिए-** 1
(क) हाय! यह क्या हो गया! (ग) चलो, घूमने चलें।
(ख) तुम परिश्रम करते तो पास हो जाते। (घ) बाहर बैठो।

**31. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?** 1
(क) पाँच (ख) सात (ग) छः (घ) आठ

## खंड-'ग' पाठ्यपुस्तक 14 अंक

**पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए—** 1×4=4

**धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पिअत अघाय।**
**उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय।।**
**नाद रीझि तन देत मृग, नर धन हेत समेत।**
**ते रहीम पशु से अधिक, रीझेहु कछू न देत।।**

**32. सागर की बड़ाई क्यों नहीं होती?** 1
(क) इस जल से कभी गंदगी नहीं निकलती है (ग) इसमें काफ़ी मछलियाँ होती हैं
(ख) इस जल से किसी की प्यास नहीं बुझती (घ) सागर से पानी निकालना मुश्किल होता है

**33. रहीम ने पंक जल को धन्य क्यों कहा है?** 1
(क) इस जल से जीवों की प्यास बुझती है (ग) पंक जल मीठा होता है
(ख) यह जल पीने के योग्य होता है (घ) उपर्युक्त सभी

**34. दूसरे दोहे का आशय है—** 1
(क) प्रसन्न बनो (ग) रीझकर धन न लुटाया करो
(ख) रीझकर दान किया करो (घ) कंजूस न बनो

**35. नर रीझकर क्या करता है?** 1
(क) प्राण दे देता है (ख) मन दे देता है (ग) धन दे देता है (घ) कुछ नहीं देता

**36. नर रीझकर क्या करता है?** 1
(क) प्राण दे देता है (ख) मन दे देता है (ग) धन दे देता है (घ) कुछ नहीं देता

**स्पर्श–1 पद्य पाठों पर आधरित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

**37. रैदास के अनुसार भगवान और भक्त की किन चीज़ों से तुलना नहीं हुई है?** 1

(क) मोती और धागा (ग) सोना और सुहागा (ख) सोना और चाँदी (घ) दीपक और बाती

**38. रहीम के अनुसार पशु से हीन कौन है?** 1

(क) जो प्रसन्न होकर अपना सब कुछ दे देता है

(ख) जो अपने बारे में सोचता है

(ग) जो किसी से प्रसन्न होने के पश्चात् भी उसे कुछ नहीं देता

(घ) जो दानी नहीं है

**पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए—** 1×5=5

रात में 12.30 बजे के लगभग मेरे सिर के पिछले हिस्से में किसी एक सख्त चीज़ के टकराने से मेरी नींद अचानक खुल गई और साथ ही एक ज़ोरदार धमाका भी हुआ। तभी मुझे महसूस हुआ कि एक ठंडी, बहुत भारी कोई चीज मेरे शरीर पर से मुझे कुचलती हुई चल रही है। मुझे साँस लेने में भी कठिनाई हो रही थी। एक लंबा बर्फ़ का पिंड हमारे कैंप के ठीक ऊपर ल्होत्से ग्लेशियर से टूटकर नीचे आ गिरा था और उसका विशाल हिमपुंज बन गया था। हिमखंडों, बर्फ़ के टुकड़ों तथा जमी हुई बर्फ़ के इस विशालकाय पुंज ने, एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी की तेज़ गति और भीषण गर्जना के साथ, सीधी ढलान से नीचे आते हुए हमारे कैंप को तहस–नहस कर दिया। वास्तव में हर व्यक्ति को चोट लगी थी। यह एक आश्चर्य था कि किसी की मृत्यु नहीं हुई थी।

**39. रात में एक दिन अचानक क्या घटना घटी?** 1

(क) बचेंद्री पाल गिर गई। ग) उनकी नींद खुल गई।

(ख) उनके सिर के पिछले हिस्से में एक सख्त चीज टकराई। (घ) उन्हें सांस लेने में कठिनाई होने लग

**40. उनका कैंप तहस–नहस कैसे हो गया?** 1

(क) भारी पत्थरों के गिरने से। (ग) बर्फ़ के पिंड गिरने से।

(ख) तेज़ हवा चलने से। (घ) पहाड़ के टूटने से।

**41 . इस घटना के दौरान आश्चर्यजनक बात क्या थी?** 1

(क) हर व्यक्ति को चोट लगी थी। (ग) किसी की मृत्यु नहीं हुई थी।

(ख) भीषण गर्जना के साथ बर्फ गिरी थी। (घ) बचेंद्री पाल के सिर से एक चीज़ टकराई थी।

**42. रात के किस समय का वर्णन है?** 1

(क) 8:00 (ख) 10:00 (ग) 9:30 (घ) 12:30

**43. प्रस्तुत गद्यांश में किस पर्वत का वर्णन है?** 1

(क) शिवालिक (ख) हिमालय (ग) कंचनजंगा (घ) अरावली

**स्पर्श–1 गद्य पाठों पर आधरित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए —**

**44. लालाजी को खरबूजे बेचने वाली बुढ़िया से इतनी घृणा क्यों थी?**

(क) बुढ़िया प्रतिदिन खराब खरबूजे बेचती थी

(ख) बुढ़िया प्रतिदिन उसकी दुकान के सामने बैठती थी

(ग) बुढ़िया जवान बेटे की मृत्यु के अगले दिन ही खरबूजे बेचने आ गयी थी

(घ) बुढ़िया बहुत गंदे कपड़े पहनती थी

**45. कर्नल खुल्लर ने अभियान दल के उदास सदस्यों को किस तथ्य से परिचित करवाया?**

(क) एवरेस्ट की यात्रा बहुत कठिन है, आप नहीं कर पाओगे

(ख) एवरेस्ट जैसे अभियान में खतरों को और कभी–कभी तो मृत्यु को भी सहज भाव से स्वीकार करना पड़ता है

(ग) एवरेस्ट की यात्रा अत्यधिक कठिन तथा असंभव है

(घ) एवरेस्ट की यात्रा को सहज रूप से किया जा सकता है